Page 5-----_Dummy page.qxd 3/7/2025 9:37 PM Page 1



# तीर्थनगरी के सभी डिपार्टमेंटल स्टोर होंगे बंद : डॉ. अग्रवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऋषिकेश।** तीर्थनगरी के डिपार्टमेंटल स्टोर 31 मार्च के बाद बंद होंगे। कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने धार्मिक स्थलों की

- जिस क्षेत्र में अवैध रूप से मादकपदार्थों की होगी तस्करी, वहां के चौकी प्रभारी होंगे जिम्मेदार: अग्रवाल

अस्मिता को बचाए रखने के लिये मुख्यमंत्री के समक्ष बात रखी थी। जिसका संज्ञान लेकर कैबिनेट में 31 मार्च के बाद ऋषिकेश और हरिद्वार के डिपार्टमेंटल स्टोर्स को बंद करने का निर्णय लिया गया है। अब इसी क्रम में



अवैध मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर कैबिनेट मंत्री डा. अग्रवाल ने शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में कैबिनेट मंत्री डा. अग्रवाल ने अवैध शराब बिक्री पर पुलिस अधिकारियों से जवाब मांगे। पुलिस अधिकारी द्वारा नियमित रूप से शराब तस्करी पर कार्रवाई की बात कही गई। जिस पर कैबिनेट मंत्री डा. अग्रवाल ने कहा कि सोशल मीडिया में आए दिनों अवैध रूप से शराब बिक्री की घटना सामने आ रही है, ऐसे में पुलिस की अवैध मादक पदार्थों पर कार्रवाई संदेहास्पद है। डा. अग्रवाल ने कहा कि आज अवैध शराब की होम डिलीवरी हो रही है। युवाओं का भविष्य चरस, गांजे, अफीम जैसे मादक पदार्थों की चपेट में आकर खत्म हो रहा है। डॉ. अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि जिस पुलिस चौकी के कार्यक्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री होगी। संबंधित क्षेत्र के चौकी प्रभारियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एसपी देहात ऋषिकेश

### आस्था पथ की आस्था को चोट पहुचाने वालों पर रखी जाए निगरानी

**ऋषिकेश।** कैबिनेट मंत्री डा. अग्रवाल ने कहा कि आस्था पथ पर आए दिनों अराजकतत्वों द्वारा रेलिंग, लाइट्स, बैठने के लिए बेंच को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। डा. अग्रवाल ने सख्त लहजे में पुलिस अधिकारियों को आस्था पथ पर अराजकतत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। इसके अलावा अश्लील हरकत करने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया जाए। जिससे आस्था पथ की आस्था बनी रहे।

### बाहरी लोगों का हो सत्यापन : डॉ. अग्रवाल

**ऋषिकेश।** कैबिनेट मंत्री डॉ अग्रवाल ने बाहरी लोगों के सत्यापन के लिए पुलिस अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित किया। साथ ही यातायात व्यवस्था के लिए भी नियम बनाने को कहा।

ग्रामीण जया बलूनी, पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप नेगी, कोतवाल ऋषिकेश राजेंद्र सिंह खोलिया, आबकारी इंस्पेक्टर प्रेरणा बिष्ट, थाना प्रभारी रायवाला बीएल भारती, थाना प्रभारी रानीपोखरी विकेंद्र कुमार, एसएसआई विनोद कुमार, चौकी प्रभारी नवीन डंगवाल, मनोज रावत, विनय शर्मा, एलआईयू से विपिन गुसाईं आदि उपस्थित रहे।

# 'घाम तापों योजना' से बनेगी राज्य में हेल्थ टूरिज्म की असीम संभावनायें : भट्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पीएम मोदी के दौरे को देवभूमि में अपूर्व ऊर्जा और नवीन उम्मीदों का सृजन करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि तमाम सौगातों से अलग उनकी घाम तापों योजना राज्य में हेल्थ टूरिज्म की असीम संभावनाओं को आकार देगी। उन्होंने कांग्रेसी टिप्पणियां पर पलटवार किया कि उनके लिए जनता, मुफ्त घाम तापने की अपनी सब्सिडी आने वाले चुनावों में भी जारी रखने वाली है। प्रधानमंत्री के सफल उत्तरकाशी प्रवास से लौटे भट्ट ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि मोदी जी ब्रांड एंबेसडर के साथ देवभूमि के लिए अभिभावक की भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि वे राज्य को विकास की सौगात भी देते है,



उसकी पहचान को प्रचारित करने का प्रयास भी करते हैं तथा प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन भी देते हैं। विकास और विरासत के मंत्र और उत्तराखंड का दशक लाने के लक्ष्य के बाद उन्होंने घाम तापों योजना का जो नवीन और क्रांतिकारी विजन हमे दिया है। वह उत्तराखंड में टूरिज्म की संभावनाओं को शीर्ष पर लेकर जाने वाला है। भट्ट ने कहा कि यूं तो देवभूमि के पवित्र धाम, मंदिर और संस्कृति श्रद्धालुओं की पहली पसन्द तो हैं, उस पर यहां की नैसर्गिक खूबसूरती ने भी दुनिया को अपना मुरीद बनाया है। इस सबकी ब्रांडिंग दुनिया के सबसे लोकप्रिय व्यक्ति द्वारा करने से राज्य का पर्यटन व्यवसाय अपने स्वर्णिम दौर की तरफ जा रहा है।

# विद्या समीक्षा केन्द्र से जुड़ेंगे सभी आवासीय विद्यालय : डॉ. रावत

## आईआईएम काशीपुर से प्रबंधन के गुर सीखेंगे प्रधानाचार्य व वार्डन

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर में संचालित आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों को विद्या समीक्षा केन्द्र से जोड़ा जायेगा। इन विद्यालयों में उच्च स्तरीय प्रबंधन एवं शैक्षणिक गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाने के लिये प्रधानाचार्य एवं वार्डन को आईआईएम काशीपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा साथ ही सैनिक स्कूल घोड़ाखाल का शैक्षिक भ्रमण भी कराया जायेगा। आवासीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य देखभाल के दृष्टिगत प्रत्येक माह स्वास्थ्य शिविर लगाये जायेंगे, जिसमें निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक व स्टॉफ शामिल होंगे। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को विद्यालयी शिक्षा महानिदेशलय स्थित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण



परिषद सभागर में गढ़वाल मण्डल के आवासीय विद्यालयों की समीक्षा की। बैठक में विभागीय मंत्री ने आवासीय विद्यालयों का पृथक कैडर बनाने, प्रधानाचार्य के रिक्त पदों को भरने के लिये भर्ती विज्ञापन जारी करने, पांच वर्ष से अधिक समय से प्रतिनियुक्ति पर तैनात प्रधानाचार्य व वार्डन को वापस मूल पद पर भेजने तथा नई तैनाती करने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्र नामांकन को बढ़ाने तथा कक्षा-7,8 व 11 में रिक्त सीटों को भरने के लिये लिटरल इंट्री के माध्यम से प्रवेश देने, चार नये नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास का प्रस्ताव भेजने तथा समय-समय पर जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित कर विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। बैठक में प्रभारी निदेशक बेसिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल, प्रभारी निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती, एपीडी समग्र शिक्षा कुलदीप गैरोला, उप राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा पल्लवी, स्टॉफ ऑफिसर समग्र शिक्षा बी.पी मंदोली सहित गढ़वाल मंडल के आवासयी विद्यालयों के प्राचार्य व वार्डन सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने की खाद्य पर्दाथों की जांच

**कोटद्वार (शाह टाइम्स)।** होली पर्व के मद्देनजर खाद्यय सुरक्षा विभाग की टीम ने कोटद्वार में लालबत्ती चौक, झंडा चौक, बद्रीनाथ मार्ग से दूध वाहन, डायरी, होटल, ढाबों, किराने की दुकानों से सैंपल लेकर जांच की और कुछ को नोटिस दिए गए। स्वास्थ्य आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार, जिलाधिकारी पौड़ी डॉ आशीष चौहान के निर्देश पर डिप्टी कमिश्नर बीएस बिष्ट के नेतृत्व में शुक्रवार को खाद्यय सुरक्षा विभाग की टीम मोबाइल फास्ट फूड टेस्टिंग वैन के साथ कोटद्वार पहुंची जहां पर टीम ने विभिन्न स्थानों से सैंपल लेकर हाथों-हाथ टेस्टिंग की। वरिष्ठ खाद्य निरीक्षक संदीप मिश्रा व खाद्य निरीक्षक रचना ने बताया कि मोबाइल फास्ट फूड टेस्टिंग वैन से मौके पर करीब चालीस खाद्य पदार्थों की जांच की गई है। जिसमें मिठाई, तेल, दूध, मावा, मसाले, घी आदि शामिल है। बताया कि शनिवार को बाहरी राज्यों से आने वाले दूध सहित कई अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल लिए जाएंगे।

# विदेशों से आए वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को दिए टिप्स

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** एडवांसमेंट इन फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नेविगेटिंग द फ्यूचर ऑफ फार्मा विषय पर सिद्धार्थ इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हिमालय वैलनेस कंपनी के डॉक्टर सैयद फारूक व सदस्य प्रवासी उत्तराखंड परिषद उत्तराखंड सरकार सुधीर चंद्र नौटियाल मौजूद रहे। दो दिवसीय कांफ्रेंस मे इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी के प्रिंसिपल डॉक्टर संजय सिंह ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त कर अपने विचार रखें। वही इस दौरान संस्थान के संरक्षक दुर्गा प्रसाद वर्मा व वाइस चेयरमैन अभिषेक वर्मा भी मौजूद रहे। सभी मुख्य अतिथियों को इस कांफ्रेंस के आयोजकों द्वारा स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। सिद्धार्थ इंस्टीट्यूशन के ऑडिटोरियम में हुई कॉन्फ्रेंस के पहले दिन तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। तकनीकी सत्र में डिप्टी डीन रिसर्च पोस्ट ग्रैजुएट स्टडीज स्ट्रैटेजिक लिंकेज क्वेस्ट इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी मलेशिया के डॉक्टर एन जी एन पिंग सहित फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ द यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी डॉ अकरम अहमद, रिटायर्ड जॉइंट कमिश्नर एफडीए पंजाब डॉक्टर प्रदीप मद्ध,



डॉक्टर हेमंत आर जादव ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ज्ञानवर्धक उद्बोधन दिया जिससे सभी छात्र छात्राएं प्रभावित हुए। मलेशिया से आए डॉ. एन जी येन पिंग ने टेलीफामेर्सी, प्रैक्टो और वन मिनट क्लिनिक के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। विद्यार्थियों ने अपने जिज्ञासा पूर्ण प्रश्न वक्ताओं के सम्मुख रखें। इस दौरान इंस्टीट्यूशन के डॉक्टर शराफत अली, डॉ. अनिल सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## एक नजर

### ड्यूटी पर नशा न करें : डॉ. एस. फारूक

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 70 बी.बी.ए. छात्रों के एक समूह ने संकाय सदस्यों के साथ फार्मा उद्योग के प्रबंधन की बेहतर समझ हासिल करने के लिए हिमालय वेलनेस कंपनी का औद्योगिक दौरा किया। उन्हें संग्रहालय, हर्बल गार्डन आदि दिखाए गए, जो उन्हें प्रबंधन अध्ययन में अपने कैरियर के लिए बहुत दिलचस्प लगे। अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक के साथ बातचीत करते हुए उन्हें प्रबंधन के कर्तव्यों के बारे में समझाया गया, यानी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करके सबसे प्रभावी तरीके से समय पर विशिष्ट लक्ष्यों को प्राप्त करना और न्यूनतम लागत पर गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करना। संकाय सदस्यों ने छात्रों को दी गई बहुमूल्य सलाह के लिए डॉ. फारूक को धन्यवाद दिया, जो न केवल उन्हें बल्कि हमारे भविष्य में भी मदद करेगी।

### दून में वोटर लिस्ट से 32 हजार नाम क्यों कटे, यह बताए आयोग : कांग्रेस




**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस मताधिकार संरक्षण समिति के सदस्यों की और से संयुक्त रूप से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी न तो चुनाव आयोग पर, न चुनाव प्रक्रिया पर और न ही मतदाता के विवेक पर कोई सवाल उठा रही है, बल्कि हम लोग चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और जनवरी 2025 में सम्पन्न हुए चुनाव में, जिन लोगों के वोट काटे गये हैं, उनके वोट काटने की प्रक्रिया या उसके पीछे के कारण को जानने का प्रयास कर रहे है। स्थनीय निकाय चुनाव में, राज्य के अनेक हिस्सों, संभवतः लगभग सभी से, शिकायत मिली थी कि अमुक व्यक्ति जिसने कि लोकसभा चुनाव में वोट दिया था, उसका नाम स्थानीय निकाय चुनाव की मतदाता सूची में नहीं है। भारत के संविधान का अनुच्छेद 326, स्पष्ट करता है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे। प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और जिसकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है, उसे चुनाव में मतदान करने का अधिकार है। उत्तराखण्ड मताधिकार संरक्षण समिति का वोटरों की शिकायत के लिये ईमेलः- उमतंअवजम/पदबण्पद व व्हाट्सएप नम्बर 7452894623 युक्त पोस्टर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व समिति के सदस्यों की और जारी किया गया। अभिनव थापर ने कहा कि देहरादून के नगर निगम चुनाव में, अगस्त 2024 में जारी हुई वोटर लिस्ट में 8 लाख 3 हजार वोट थे, और जो दिसम्बर 2024 में अंतिम सूची में 7 लाख 71 हजार वोटर रह गये, चुनाव से तीन दिन पहले जो लिस्ट आई उसमें 32000 नाम फिर कट गये, अब सवाल है कि ये 32 हजार नाम क्यों कटे और जिसका नाम कटा वो सिर्फ तीन दिन में अंदर नाम कैसे जुड़वा सकता था। यह मामला सवाल खड़े करता है। इस अवसर पर समिति सदस्य अभिनव थापर, पंकज क्षेत्री, महामंत्री नवीन जोशी व अध्यक्ष के सलाहकार अमरजीत सिह आदि उपस्थित थे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका : दसौनी

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी की अगुवाई में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की बर्खास्तगी को लेकर गैरसैंण में हुए जन आंदोलन को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की और से सड़क छाप नेताओं का आंदोलन बताने पर उत्तराखंड कांग्रेस की नेत्री गरिमा मेहरा दसौनी ने तल्ख प्रतिक्रिया दी है। दसौनी ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। दसोनी ने कहा कि भाजपा शायद इस बात को समझ नहीं पा रही है या आंकने में गलती कर रही है कि प्रेमचंद अग्रवाल का सदन में दिया गया बयान राजनीतिक मुद्दा नहीं है यह भावनात्मक मुद्दा है। गरिमा ने कहा कि प्रेमचंद अग्रवाल ने जो कुछ भी लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा के अंदर कहा उसने पहाड़ी समुदाय को गहरा आघात पहुंचाया है और उनकी भावनाओं को बहुत चोट पहुंची है, मगर उसे चोट पर मलहम लगाने की बजाय भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व बार-बार उस पर नमक घिसने का काम कर रहा है। गरिमा ने कहा कि पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कभी उत्तराखंड वासियों को मुकदमे की धमकी देना और अब राज्य आंदोलनकारी को सड़क छाप नेता कहना पूरे प्रकरण को करेला ऊपर से नीम चढ़ा बना रहा है। दसोनी ने कहा कि आज तो प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने हद ही कर दी जब गैरसैंण में तमाम संगठनों के द्वारा विगत दिवस गढ़ रत्न नरेंद्र सिंह नेगी एवं राज्य आंदोलनकारी की अगुवाई में प्रेमचंद अग्रवाल की मंत्री पद से बर्खास्तगी को लेकर एक व्यापक जनआंदोलन किया गया और रैली निकाली गई उन तमाम लोगों को महेंद्र भट्ट ने सड़क छाप नेता कह दिया।

### बैंक ऑफ इंडिया ने किया भारतीय सेना के साथ करार

**देहरादून।** बैंक ऑफ इंडिया ने अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किए गए सेना कर्मियों, दिग्गजों और अग्निवीरों को बीओआई रक्षक वेतन पैकेज का विस्तार करने के लिए भारतीय सेना के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। समझौता ज्ञापन में संवर्धित व्यापक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर (पीएआई), डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर आकर्षक प्रस्ताव और कई अन्य प्रस्तावों सहित विशेष लाभ शामिल हैं। समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान के लिए समारोह 4 मार्च, 2025 को भारतीय सेना मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव पुरी, एवीएसएम, वीएसएम, महानिदेशक (एमपीओआरपीएस) ने समारोह की अध्यक्षता की। मेजर जनरल वीके पुरोहित, एडीजी पीएस, सुब्रत कुमार, कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ इंडिया और दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

# आधार केन्द्र बढ़ाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार।** नगर निगम क्षेत्र में आधार केन्द्रों की संख्या कम होने के कारण छात्र-छात्राओं सहित क्षेत्रीय जनता को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं इस समस्या के समाधान के लिए एससीएसटी शिक्षक एसोसिएशन उत्तराखण्ड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल ने अन्य प्रतिनिधियों के साथ मेयर शैलेन्द्र रावत से भेंट की। सोहनलाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा विद्यालयों में अपार आईडी और विभिन्न छात्रवृत्तियों के आनलाइन में परेशानी आ रही है। साथ ही जन्मतिथि, नाम, मोबाइल नम्बर आदि की कमी को दूर करने के लिए आधार केन्द्रों की संख्या भी बहुत कम हैं। झण्डीचौड और अन्य क्षेत्रों में तो कोई आधार केन्द्र ही नहीं है। जिसके कारण जनता का धन तथा समय खराब हो रहा है। प्रतिनिधिमण्डल में देवेन्द्र सिंह राजपूत, अमरदीप सिंह शामिल रहे।

# पर्वतीय क्षेत्रों में भी बनेंगे प्रधानमंत्री आवास : डॉ अग्रवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** आवास मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में भी प्रधानमंत्री आवास बनाए जाएंगे। शुक्रवार को आवास मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने विभागीय संयुक्त मुख्य प्रशासक पीसी दुमका के साथ बैठक की। बैठक में डॉ अग्रवाल ने बताया कि आवास विभाग द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना लागू किये जाने के लिए उत्तराखण्ड आवास नीति 2025 में



विशेष प्राविधान किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में आवास नीति राज्य में पहली बार लागू की गयी। इस नीति में मैदानी जिलों में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण एवं जिला स्तरीय विकास प्राधिकरणों द्वारा आवास विकास परिषद् की प्रधानमंत्री आवास योजनायें बनायी गयी, लेकिन पर्वतीय क्षेत्रों में इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो सका। डॉ अग्रवाल ने बताया कि आवास नीति 2025 तैयार की गयी, जिसे कैबिनेट के अनुमोदनोपरान्त राज्य में लागू किया गया है। बताया कि इस योजना में जहाँ मैदानी क्षेत्रों में लाभार्थी अनुदान राशि राज्य सरकार द्वारा रू 1.50 लाख से बढ़ाकर : 2.00 लाख किया गया है। डॉ अग्रवाल ने बताया कि राज्यान्तर्गत दुर्बल आय वर्ग पर विशेष ध्यान केन्द्रीत करते हुए आवास विभाग द्वारा आय सीमा को रू0 3.00 लाख से बढ़ाकर 5.00 लाख के रूप में किया गया है तथा अनुदान की राशि को भी सामान्य निमार्णों के लिए रू0 2.00 लाख तथा बाखली शैली को 3.00 लाख किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा रू0 2.25 लाख का अनुदान दिया जायेगा।

# स्पेल जीनियस में शिखर व मैथ्स विजार्ड हर्षित रहे प्रथम

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** एससीईआरटी उत्तराखंड के सभागार में राज्य परियोजना समग्र शिक्षा उत्तराखंड द्वारा राज्य स्तरीय मैथ्स विजार्ड एवं स्पेल जीनियस प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपर राज्य परियोजना निदेशक कुलदीप गैरोला ने मुख्य अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय मैथ्स विजार्ड एवं स्पेल जीनियस प्रतियोगिता में 13 जनपदों के 26-26 प्रतिभागियों एवं प्रति जनपद 2 एस्कॉर्ट शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में स्पेल जीनियस के अंतर्गत डिक्टेशन, फिल इन द ब्लैंक्स एवं रैपिड फायर राउंड आयोजित किए




गए। स्पेल जीनियस प्रतियोगिता में शिखर अवस्थी, राप्राविं डांडा लाखोंड देहरादून प्रथम, सागर कुमार राप्राविं खलियान रुद्रप्रयाग द्वितीय, नितिन कुमार पी एम श्री राआप्राविं कपकोट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में हर्षित राप्राविं सौला अल्मोड़ा प्रथम स्थान, उदित जोशी राप्राविं गुरना बिन पिथौरागढ़ द्वितीय स्थान तथा अंश सिंह रा प्रा वि तितराना टिहरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षा मंत्री द्वारा प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को टेबलेट, प्रमाण पत्र, रिश्ट वॉच, स्कूल बैग, ट्रैक सूट एवं स्टेशनरी वितरित किए गए। अन्य सभी प्रतिभागियों को स्कूल बैग, रिष्ट वाच, ट्रैक सूट, तथा स्टेशनरी वितरित की गई। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। विद्यालयों में वर्चुअल कक्षाएं, तकनीकी सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बाल वाटिका संचालित करने वाला प्रथम राज्य है। अपवंचित वर्ग के बच्चों के लिए नेता जी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर माननीय शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा मुकुल कुमार सती, अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा कुलदीप गैरोला, उप राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अजीत भंडारी, उप राज्य परियोजना निदेशक प्रद्युम्न सिंह रावत, अखिलेश ध्यानी, भगत सिंह कंडवाल, संतोष पोखरियाल, सोनिका रमोला, भक्त दर्शन नेगी, मनोज थपलियाल, ऊषा नेगी, अरुण थपलियाल, देवराज सिंह राणा, रुचिरा नेगी, अर्चना बिजलवान, कमला दानू, रेखा बहुगुणा, सहित आदि उपस्थित रहे।

# ट्रंप की धमकियों का जवाब क्यों नहीं दे रहे प्रधानमंत्री : धस्माना



**देहरादून (शाह टाइम्स)।** अमरीका लगातार जिस प्रकार से भारत का नाम ले कर भारत का अपमान कर रहा है यह हैरानी वाली बात है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अपमान जनक भाषा का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं। यह बात शुक्रवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही। धस्माना ने कहा कि विश्वगुरु होने का दावा करते नहीं थकते आरएसएस व भाजपा के नेताओं को देश के प्रधानमंत्री से सवाल करना चाहिए कि जब चीन, फ्रांस और कनाडा ने ट्रंप के असभ्य आचरण का जवाब उन्हीं की भाषा में दिया और चीन ने तो यहां तक कह दिया कि वह ट्रंप की धमकियों के आगे नहीं झुकेगा और अमरीका चाहे कैसा भी युद्ध करने चाहे ट्रेड वार या कैसा भी वार वो हर तरह के युद्ध के लिए तैयार है तो फिर विश्वगुरु भारत के प्रधानमंत्री खामोशी से अपमान क्यों सह रहे हैं वे बेशक ट्रंप को ट्रंप की भाषा में जवाब न दे पाए, मगर उनको कुछ तो जवाब देना ही चाहिए।

# कांग्रेसियों ने दी भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत को श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेसजनो ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में भारत रत्न, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. गोविन्द बल्लभ पंत की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उनका श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में करन माहरा ने स्व. पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त के राजनैतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 20वीं शताब्दी के तीसरे दशक में कुमाऊं परिषद के माध्यम से सामाजिक और राजनैतिक जीवन में पन्त ने अपनी शुरूआत की। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में फैली भीषण गरीबी, कुली बेगार प्रथा तथा सामाजिक बुराइयों के कारण प्रताड़ित हो रहे कमजोर तबकों की पीड़ा को गहराई से महसूस किया और कालान्तर में उसके लिए उन्होंने अनेक संघर्ष किये। भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पन्त ने आजादी के बाद 20 साल उत्तर प्रदेश और भारत की राजनीति में केन्द्रीय भूमिका निभाते हुए मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री जैसे पदों को सुशोभित किया। स्वतंत्रता संग्राम में उनका अविस्मरणीय योगदान तथा साइमन कमीशन के विरोध में उनकी भूमिका इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। भारत में कुली बेगार तथा जमीन्दारी उन्मूलन के साथ ही समाज में फैली अनेक कुरीतियों का उन्होंने सदैव विरोध किया। केन्द्रीय गृह मंत्री तथा उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री रहते हुए उहोंने विकास की मजबूत नींव रखी। स्व. पन्त ने भारतीय राजनीति में अपनी अमिट छाप छोड़ी और उनकी योग्यता, प्रशासनिक क्षमता तथा स्वतंत्रता आन्दोलन में अद्वितीय योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न के अलंकार से सम्मानित किया गया।

# आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए संजीवनी है प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना : राज्यलक्ष्मी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जन औषधि दिवस के अवसर पर जनपद देहरादून के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरू ग्राम में स्थापित भारतीय जन औषधि केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकसभा सांसद, टिहरी गढ़वाल माला राज्यालक्ष्मी शाह ने आमजन को जन औषधि केंद्र के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्होंने जन औषधि केंद्र के संचालक एवं अन्य उपस्थित लाभार्थियों से भी बात की और उनके अनुभवों के बारे में चर्चा की। लोकसभा संसद माला राज्यालक्ष्मी शाह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पारदर्शिता, जनकल्याण की भावना, गरीब की सुरक्षा एवं




**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरू ग्राम में मनाया गया सातवां जन औषधि दिवस**

सामाजिक उद्धार हेतु जनऔषधि योजना वर्ष 2014 से प्रारंभ की गई थी। आज 11 वर्ष में देश के 768 जिलों में 15,000 से अधिक जन औषधि केंद्र स्थापित हुए हैं। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2019 में 7 मार्च को जन औषधि दिवस मनाने की घोषणा की थी, और तभी से प्रत्येक वर्ष हम इस दिवस को समाज में स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने को मानते हैं। जन औषधि केंद्रों पर 50 फीसदी से 80 फीसदी तक सस्ती दवा आम जनमानस को उपलब्ध करवाई जाती है, जिससे लगभग 30,000 करोड रुपए गरीबों के बचाए गए हैं। वर्ष 2027 तक हमारी सरकार का लक्ष्य 25000 जन औषधि केंद्र खोलने का है। जिससे सस्ती और बेहतर दवाओं का लाभ आम जनमानस को अपने आसपास ही उपलब्ध हो सके। इसके बाद उन्होंने जन औषधि केंद्र में पहुंचे मरीजों एवं अन्य लाभार्थियों को दवा वितरित की और उनसे अपील की कि वह अन्य लोगों को भी जन औषधि केंद्र के महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी दें। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ, स्थानीय पार्षद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप राणा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के झा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रतीक थापा, स्थानीय जनता, आशा कार्यकत्री आदि उपस्थित रहे।

# पहले जुमे की नमाज अदा कर, देश दुनिया में खुशहाली की मांगी दुआ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिले भर की मस्जिदों में शुक्रवार को माह ए रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा हुई। रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा कर रोजेदारों ने अपने गुनाहों से तौबा कर साथ ही देश-दुनिया और समाज की खुशहाली की परवरदिगार से दुआ की, जिस पर रोजेदारों ने एक आवाज में 'आमीन' कहा। सभी मस्जिदे नमाजियों से खचाखच भरी हुई थी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मस्जिदों के बाहर और आसपास पुलिस बल तैनात रहा। जमा मस्जिद के ईमाम मोहम्मद बदरुद्दीन मुफ्ती ने जुमे की नमाज अदा करने से पहले तकरीर करते हुए बताया कि सिर्फ भूंखे रहने का नाम नही रोजा, रोजेदार खुशनसीब हैं। जिसके लिए हर रोज जन्नत सजायी जाती हैं। रोजेदार की मगफिरत के लिए दरिया की मछलियां दुआ करती हैं। रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है। असल रोजा तो वह है जिससे अल्लाह राजी हो जाए। जब हाथ उठे तो भलाई के लिए, कान सुने तो अच्छी बातें, कदम बढ़े तो नेकी के लिए, आंख देखे तो जायज चीजों के लिए। मस्जिद हज्जबान के ईमाम मुफ्ती युनुस ने कहा कि मुकद्दस रमजान के पहले जुमें की नमाज के लिए मस्जिदों में भीड़ उमड़ पड़ी। छोटी बड़ी तमाम मस्जिदों में जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। रोजेदारों का पूरा दिन इबादत ए इलाही में गुजरा। फर्ज नमाजों के साथ कसरत से नफ्ल नमाज अदा की गई। तिलावत ए कुरआन शरीफ की गई। तस्बीह व जिक्र के बीच रोजेदारों का पूरा दिन रब को राजी करने में गुजरा है। मस्जिद खरादियान में हाफिज अब्दुल वाहिद ,मस्जिद कुरेशियन में मौलाना तय्यब,मस्जिद चौक बाजार में मौलाना इस्माइल साहब, मस्जिद मनिहारान हाफिज मजहिर हसन ने जुमे की नमाज अदा करी है। शहर की भी मस्जिदों में जुमे की नमाज अमन चौन के साथ अदा की गई। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि प्रशासन ने द्वार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया। संवेदनशील इलाकों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था ध्यान रखा गया है।



### भाजपा ने होली मिलन कार्यक्रम का किया आयोजन

# जीवन को प्रेरणा देते हैं होली के रंग: कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा द्वारा ऋषिकुल मैदान में भव्य होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में जहां सभी कार्यकर्ताओं ने फूलों की होली खेली। वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गयी।

इस अवसर पर होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि होली एक ओर जहां बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार है। वहीं होली के सभी रंगों में कुछ ना कुछ सकारात्मक संदेश छिपा हुआ है। उन संदेशों को हमें अपने जीवन में उतरना चाहिए। होली का पर्व सौहार्द्र और आपसी प्रेम का संदेश देता है। विशिष्ट अतिथि मेयर किरण जैसल ने कहा कि समाज में हर त्यौहार का अपना महत्व है। इनमें होली सबसे खास है। होली में समाज का हर वर्ग रंग में सराबोर होकर उत्साह से भरा दिखता है। रंगों के इस त्योहार में किसी का भेदभाव नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की भी बध ई और शुभकामनाएं दी।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि होली मिलन समाज को एकजुट रहने का संदेश देता है। जरूरत इस बात की है कि होली मिलन में सामाजिकता को और बढ़ावा दिया जाए। वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चंद्र ने कहा कि होली की खासियत यह है कि रंग लगा कर, भेदभाव मिटा कर आपस में गले लगने का संदेश दिया जाए। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजना चतुर्वेदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नवनिर्वाचित महिला पार्षदों और वरिष्ठ भाजपा महिला नेत्रियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशन बजाज, प्रशांत शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अनु कक्कड़, समाजसेवी ललित नैय्यर, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री विमल कुमार, दीपांशु विद्यार्थी, मंडल अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट, तरुण नैय्यर, पार्षद सुनील अग्रवाल, राजेश शर्मा, निशा पुंडीर, मुकुल पाराशर, आकाश भाटी, विदित शर्मा, सूर्यकांत शर्मा, दीपक शर्मा, ललित रावत, सचिन बेनीवाल, हरजीत सिंह, अभिनव चौहान, चंद्रशेखर कुर्ल, संजना शर्मा, प्रीति गुप्ता, छवि त्यागी, मृदुला सिंहल, पूनम माकन, तुशांक भट्ट, दीपांशु विद्यार्थी, पारुल चौहान, धीरेंद्र गुप्ता, अनिल पुरी, मंजू शर्मा, कामिनी सडाना, विशाल गर्ग, सपना शर्मा, प्रशांत सैनी, सचिन कुमार, इष्टदेव सोनी आदि उपस्थित रहे।



# लाखों की धोखाधड़ी का आरोपी होटल मैनेजर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने लाखों रुपए हड़पने वाले पांच हजार के ईनामी होटल मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 फरवरी को पीड़ित विवेक कुमार पुत्र इकबाल सिंह निवासी एस-62 शिवालिक नगर ने रानीपुर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि उसके होटल दा हाइटस के मैनेजर सचिन ने धोखाधडी से 25 लाख रुपए हडप लिये है। वापस मांगने पर गाली गलौच व जान से मारने की धमकी दी है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी।

रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि जांच पड़ताल में प्रकाश में आया कि आरोपी मैनेजर होटल स्वामी द्वारा उपलब्ध कराये गए क्यूआरकोड के बजाए अपने एकाउंट के क्यूआरकोड़ पर ग्राहकों से भुगतान प्राप्त करता था। लगातार घाटा होने एवं उक्त मैनेजर द्वारा नौकरी छोड़कर जाने के बाद जब कुछ व्यक्तियों ने होटल बुकिंग होने एवं एडवांस पेमेंट दिए जाने की बात की तो होटल स्वामी को धोखाधड़ी का पता चला। आरोपी की गिरफ्तारी की तलाश में कई बार दबिश दी गयी लेकिन आरोपी लगातार फरार चल रहा था। फरार आरोपी पर हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल द्वारा पुल 5 हजार ईनाम घोषित किया गया।गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने फरार चल रहे सचिन को आरकेपुरम कालोनी रानीपुर से गिरफ्तार किया गया है।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सचिन पुत्र रमाकान्त निवासी ग्राम व पोस्ट भानपुर कैला थाना भीरा खीरी जिला लखीमपुर खीरी उ0प्र0 हाल पता आर-174 शिवालिक नगर रानीपुर हरिद्वार बताया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी, एसआई विकास रावत, कांस्टेबल गंभीर तोमर व करम सिंह शामिल रहे।




# पत्रकारों का महाकुंभ हरिद्वार में, 22 राज्यों से एनयूजेआई के प्रतिनिधि होंगे शामिल

## मीडिया की वैश्विक चुनौतियों पर होगा गहन मंथन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार की पावन भूमि पर पत्रकारों का महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है। एनयूजे आई उत्तराखंड इकाई हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित इस महाकुंभ में एनयूजे, से जुड़े 22 राज्यों के पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल शामिल होंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम में पत्रकार की दशा और दिशा पर गहन मंथन किया जाएगा। गौरतलब है कि भारत में पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया) का हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम में दो दिवसीय से राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हो रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए पत्रकारों के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पाण्डे पांडे ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रीय अधिवेशन में देश ही नहीं अपितु मीडिया की वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा होगी। संगठन के हरिद्वार जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी ने बताया देश के अलग अलग प्रांतों से आ रहे करीब 200 पत्रकार प्रतिनिधियों के ठहरने खाने व हरिद्वार भ्रमण को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया हरिद्वार इकाई को दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन की जिम्मेदारी मिलना हमारे लिए गौरव की बात है। अधि वेशन को सफल और यादगार बनाने के लिए संगठन के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी तय की गई है।



# फर्जी मृत्यु प्रमाण तैयार कर लाखों का क्लेम वसूलने वाला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर पुलिस ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कर भेल से लाखों का क्लेम वसूलने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि बीते वर्ष 10 अगस्त को नीतू सिंह पुत्री रणवीर सिंह निवासी रामधाम कालोनी कोतवाली रानीपुर ने शिकायत कर बताया कि रोहित कुमार पुत्र खजान सिंह, राहुल कुमार पुत्र खजान सिंह, राजीव कुमार पुत्र खजान सिंह व लीलावती पत्नि खजान सिंह द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसके ससुर खजान सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कर बीएचईएल से लाखो का क्लेम वसूल लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोहर रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा काफी समय से फरार चल रहे नामजद आरोपी रोहित कुमार पुत्र स्व खजान सिंह निवासी ग्राम जमालपुर खुर्द रानीपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया है।

# मांगों का निस्तारण नहीं होने पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कर्मचारियों की मांगों को लेकर चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उत्तराखंड जनपद इकाई की बैठक मेला चिकित्सालय परिसर में आयोजित की गयी। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा की अध्यक्षता तथा जिला मंत्री राकेश भंवर के संचालन में हुई बैठक में सरकार से वर्दी भत्ता जल्द से जल्द वेतन में लगाने, कर्मचारी आवासों की रंगाई पुताई और मरम्मत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व जिला चिकित्सालय में तैनात उपनल कर्मचारियों का तीन माह वेतन भुगतान होली से पहले करने, आईपीएचएस मानकों के तहत कर्मचारियों को लिपिक संवर्ग के साथ लैब सहायक, डॉर्करुम सहायक, ओटी सहायक के पदों पर पदोन्नत करने और नर्सेस संवर्ग की भांति चतुर्थश्रेणी कर्मचारियों को भी पौष्टिक आहार भत्ता देने, कांवड़ डयूटी भत्ता भुगतान, राजकीय कर्मचारियों को आवास आवंटन संविदा कर्मचारियों से पहले करने, जीपीएफ बुक 6 माह में पूरी कर कर्मचारियों के हस्ताक्षर कराने और रिक्त पदों को भरने आदि मांगों के जल्द पूरा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गयी। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा, प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र तेश्वर, प्रदेश ऑडिटर महेश कुमार, जिला मंत्री राकेश भंवर ने कहा कि कर्मचारियों की ज्यादातर मांगें जिला स्तर की हैं। प्रदेश स्तर पर जिले के मुख्य चिकित्सा अधि कारी और प्रमुख अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा उत्पीड़न की शिकायतों का संज्ञान लिया गया है। छोटी छोटी मांगो के निस्तारण के लिए उत्पीड़न किया जा रहा है जो कि न्यायोचित नहीं है। जल्द मांगो का निस्तारण न होने की दशा में यदि प्रदेश व्यापी आंदोलन की स्थिति बनती है तो उसका उत्तरदायित्व कार्यालयध्यक्ष और विभागाध्यक्ष का होगा। बैठक में छत्रपाल सिंह, विक्रम राणा, महेश कुमार, राकेश भंवर, शीशपाल, मुनेश कुमार, मूलचंद चौधरी, राय सिंह, नितिन, रूपेश कुमार, वर्णिक चौध री आदि शामिल रहे।

# यूसीसी लागू करने के विरोध में अधिवक्ता एसोसिएशन 7 मार्च को करेगी कार्य बहिष्कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड सरकार द्वारा उत्तराखंड प्रदेश में यूसीसी लागू करने के विरोध में अधिवक्ता एसोसियेशन के द्वारा 7 मार्च को राजस्व न्यायालय एवं उप निबंधकों का संपूर्ण कार्य बहिष्कार करने के निर्णय का बामसेफ एवं बामसेफ के सभी आफसूट संगठन राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा, राष्ट्रीय सिख मोर्चा, भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा आदि संगठनों के कार्यकर्ताओ ने एसडीएम कार्यालय पहुँचकर वकीलों द्वारा दिए जा रहें धरना प्रदर्शन में अपना समर्थन दिया। इस दौरान राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राव फाजिल मरगूब ने कहा कि भारतीय संविधान का उल्लंघन कर उत्तराखंड में लागू कर यूसीसी की आड में एससी/ एसटी, ओबीसी एवं माइनॉरिटी के अधि कारों को समाप्त करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। इस दौरान राजकुमार, सैय्यद आसिम अनवर, भंते करुणा सागर, राव कैफ, राव महताब, फाजिल अकबर, राव सलमान आदि संगठन के कार्यकर्ता शामिल रहें।

# जन्मदिन पर अभिनेता अनुपम खेर ने हरिहर आश्रम में किया रूद्राभिषेक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता अनुपम खेर और अनिल कपूर धर्मनगरी हरिद्वार में कनखल स्थित हरिहर आश्रम पहुंचे। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपना 70वां जन्मदिन जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी के सानिध्य में सनातन पद्धति से भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर मनाया। स्वामी अवधेशानंद गिरी ने अनुपम खेर को जन्मदिन की शुभकामनाएं और मंगलमय जीवन क आशीर्वाद दिया। भाई राजू खेर और अन्य परिवारजनों और अभिनेता अनिल कपूर के साथ जन्म दिन मनाने हरिद्वार आए अनुपम खेर ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्होंने 70वां जन्मदिन सनातन पद्धति से मनाया और साधु संतों का आशीर्वाद मिला। अनुपम खेर ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भी सराहना की। अनुपम खेर ने कहा कि फिल्म जगत को उत्तराखंड में बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। हमारी आने वाली फिल्म उत्तराखंड में शूट की गई है और इसमें राज्य सरकार का बहुत साथ मिला। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अनुपम खेर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ाया है। अनिल कपूर ने कहा कि अनुपम खेर उनके खास दोस्त हैं। उनके जन्म दिन पर उन्हें भी संतों का आशीर्वाद मिला। हरिद्वार आकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर बहुत अच्छा लगा। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज ने अनुपम खेर को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अनुपम भारतीय संस्कृति के विश्व में प्रकार से एंबेडसर हैं। वे मां भारती की हमेशा सेवा करते रहें।



# वन्यजीवों की घुसपैठ रोकने के लिए वन विभाग तैनात करेगा थर्मल विजन ड्रोन



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार में आवासीय क्षेत्रों में हाथियों और तेंदुओं सहित जंगली जानवरों की घुसपैठ को रोकने लिए वन विभाग ने थर्मल विजन ड्रोन तैनात करने की घोष्णा की है। मानव-पशु संघर्ष की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए उत्तराखंड वन विभाग ने राज्य में पहली बार थर्मल विजन ड्रोन तैनात करने की योजना की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य हरिद्वार में आवासीय क्षेत्रों में हाथियों और तेंदुओं सहित जंगली जानवरों की बढ़ती घुसपैठ को रोकना है। हरिद्वार का बड़ा क्षेत्र राजाजी टाइगर रिजर्व (आरटीआर) के साथ जुड़ा हुआ है। हाथी अक्सर भोजन की तलाश में, गन्ने के खेतों की तलाश में, वन सीमाओं से बाहर चले जाते हैं। वर्तमान में राजाजी टाइगर रिजर्व मानक ड्रोन का उपयोग करता है। जिसमें रात में देखने की क्षमता नहीं होती है। डीएफओ वैभव कुमार ने बताया कि थर्मल विजन ड्रोन जंगली जानवरों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने और उनके स्थानों को कुशलतापूर्वक ट्रैक करने में मदद करेंगे। वन्यजीवों की आबादी में घुसपैठ को कम करने के लिए वन विभाग के साथ काम कर रहे हैं। इस थर्मल विजन ड्रोन की कीमत लगभग 20 लाख रुपए है।

# पेशेवर वाहन चोर का किया गिरफ्तार

**हरिद्वार।** ज्वालापुर पुलिस ने चोरी की अलग-अलग दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक पेशेवर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अंग्रेजी शराब के ठेके से चोरी की गई स्प्लेंडर बाइक व ईदगाह रोड से चोरी किए गए लोडर वाहन (छोटा हाथी) को भी बरामद कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। सीओ ज्वालापुर अविनाश वर्मा ने बताया कि बीते मंगलवार की रात्रि को क्षेत्र के पांवधोई बाबर कॉलोनी निवासी राशिद पुत्र हमीद का एक लोडर वाहन (छोटा हाथी) ईदगाह रोड पर खड़ा था। जिसको रात्रि में चोरी कर लिया गया। साथ ही श्रीकान्त सैनी पुत्र राजपाल सैनी निवासी ग्राम मिस्सरपुर थाना पथरी ने शिकायत कर बताया कि बीते मंगलवार को उसने हरीलोक तिरहे के पास मौजूद अंग्रेजी शराब के ठेके के पास अपनी स्प्लेंडर बाइक खड़ी की थी। जब वह वापस बाइक उठाने आया तो बाइक वहां से गायब मिली। ज्वालापुर पुलिस द्वारा दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की गई। जल्द गिरफ्तारी के लिए ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में चौकी प्रभारी बाजार देवन्द्र तोमर ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर रानीपुर झाल नहर पटरी के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम को मौके पर चोरी हुआ लोडर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हालात में व स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई। पुलिस को पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम फरमान पुत्र निसार निवासी मौहल्ला कैतवाडा ज्वालापुर बताया। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि लोडर वाहन को चोरी कर लें जाते समय पेड़ से टक्कर होने के कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। वह नशे का आदि है और चोरी के मामलों में पूर्व में भी जेल जा चुका है।

# फरार चल रहे तीन वारंटियों को दबोचा

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे एक संदिग्ध व न्यायालय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश कर दिया है। रानीपुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र विकास रावत व उप निरीक्षक देवेंद्र पाल द्वारा पुलिस टीम के साथ अभियान चलाते हुए न्यायालय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम जातिराम उर्फ सुशील पुत्र नेत्रपाल निवासी ग्राम सलेमपुर कोतवाली रानीपुर, कुलवन्त सिंह पुत्र हरजीत सिंह निवासी विष्णुलोक कालोनी कोतवाली रानीपुर व ताहिर पुत्र शय्याद निवासी मीरपुर कोतवाली रानीपुर बताया। पुलिस तीनों को कोर्ट में पेश कर दिया है। साथ ही चाकू के साथ घूम रहे एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दीपक पुत्र स्व. बृजपाल निवासी विष्णुलोक कॉलोनी कोतवाली रानीपुर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर दिया गया है।

# स्मैक की तस्करी करते दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर कोतवाली व ज्वालापुर पुलिस ने स्मैक की तस्करी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दोनों के कब्जे से करीब 11.58 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत नशा तस्करों पर नकेल कसने के लिए एसएसपी के निर्देश पर अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में शहर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी खड़खडी संजीत कण्डारी द्वारा पुलिस टीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विशाल कुमार पुत्र अरुण कुमार चौहान निवासी ध रिवाली कोतवाली ज्वालापुर बताया। पुलिस को आरोपी के कब्जे से 6. 28 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। शहर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी स्मैक को बेचने की योजना में था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। वहीं ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट के नेतृत्व में चौकी प्रभारी रेल नविन नेगी पुलिस टीम के साथ लालपुल अंडर पास के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक टीम ने एक युवक को पकड़ा तो उसकी तलाशी लेने पर उसके हाथ में से 5.30 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विशाल पुत्र स्व. बंसीलाल निवासी राजीव नगर कॉलोनी ज्वालापुर बताया। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। नशा तस्करों के खिलाफ अभियान जारी है।

# पथरी में रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के दर्जनों गांव में रमजान के पहले शुक्रवार को मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने जुमे की नमाज अदा की। रोजेदारों ने नमाज अदा कर अल्लाह की इबादत कर उसकी रहमत पाने के लिये देश व मुल्क के लिये अमन चेन की दुआ मांगी।

पथरी क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर, अलावलपुर, ध नपुरा, घिससुपुरा, अम्बुवाला, एककड कला, पदार्था, कटारपुर, चांदपुर, नाशिरपुर कला, कासमपुर, बुढहेड़ी, बहादरपुर जट, आदि गांव में पहले शुक्रवार को मुख्य मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। रमजान को लेकर बाजारों में चहल पहल रही। पहले जुमे की नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने अपनी जरूरत के सामानों की खरीददारी भी की। दोपहर करीब 12 बजे से सभी प्रमुख मस्जिदों में बड़ी संख्या में पहुंचकर रोजेदारों ने रमजान के पहले जुमा की नमाज अदा करने के बाद अल्ला की रहमत पाने के लिये हाथ उठाये। वही जुमे की नमाज अदा कर बच्चों ने भी खुदा की इबादत ओर मुल्क में अमन शांति की दुआ मांगी। सुबह से निकली कड़ी धूप ने रोजेदारों का कड़ा इम्तहान भी लिया। गर्मी व उमस, भूख, प्यास से लोग बेहाल रहे। पूरे दिन कड़ी धूप में बड़े बुजर्ग, बच्चों व महिलाओ ने रोजे रखकर कुरआन की तिलावत कर खुदा के सजदें में अपना सिर झुकाया । सभी स्थानों पर जुमे की नमाज सकुशल सम्पन हुई। उसके बाद रोजेदारों ने बाजारों से रोजा अफ्तारी के लिये खजरे, सेवया, खजूर आदि सामान की खरीदारी की है। जुमे की नमाज अदा करने के दौरान पुलिस भी व्यवस्था में खड़ी नजर आई। एसओ रविन्द्र कुमार ने बताया जुमे की नमाज के दौरान कुछ गांव में सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस लगाई गई थी। सभी स्थानों पर नमाज सकुशल सम्पन हुई है।



# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी काफी लम्बे समय से फरार चल रहा था। सिडकुल थानाध्यक्ष भंडारी ने बताया कि बीते वर्ष दिसम्बर में बिजनौर निवासी युवती ने उसको नशीला प्रदार्थ खिलाकर शादी का झांसा दे उसके साथ दुष्कर्म करने व अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए आरोपी अंकित यादव पुत्र रामकुमार यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की जांच के बाद सिडकुल पुलिस ने चौकी प्रभारी जेल महिपाल सैनी के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देते हुए उसे गणेश धर्म कांटा रावली महदूद थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। एसओ सिडकुल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अंकित यादव पुत्र रामकुमार यादव निवासी गोविंद नगर थाना गोविंद नगर जिला कानपुर उत्तरप्रदेश हाल पता सेलाकुई थाना सेलाकुई जनपद देहरादून को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# स्प्लेंडर बाइक की चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र से वाहन चोरी की एक और घटना सामने आयी है। चोरों ने अंग्रेजी शराब के ठेके के पास खड़ी स्प्लेंडर बाइक पर हाथ साफ कर दिया। मामले में मोटरसाइकल स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरा भी खंगाल रही है। कनखल थाना क्षेत्र के ग्राम मिस्सरपुर निवासी श्रीकांत सैनी पुत्र रामपाल ने पुलिस को शिकायत कर बताया कि बीते मंगलवार को वह ज्वालापुर के हरीलोक तिराहे के पास मौजूद अंग्रेज शराब के ठेके पर आया था और अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकल वहां खड़ी कर केंटीन में गया। जब वह कैंटीन से बाहर निकला तो उसको खड़ी की गई जगह पर बाइक नही मिली। मोटरसाइकल में उसने आसपास खड़े लोगों से जानकारी की लेकिन कुछ पता नही चल सका। वहीं ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाल रहे है। जल्द ही बाइक को बरामद कर लिया जाएगा।

**सूचना ( खोया-पाया )**

श्रीमती सुशीला संदोरिया पत्नी श्री बिजेन्द्र कुमार, निवासी गली एन.ए. 7, तपोवन नगर, ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार का एक असल बैनामा/रजिस्ट्री जिसका दस्तावेज सं0 3973 दिनांक 11. 06.2008 व दस्तावेज सं0 10356 दिनांक 03.12.2005 है। जो वास्तव में कहीं गुम हो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। चौम्बर नं. 27 विरेन्द्र सिंह एडवोकेट कचहरी रुड़की, तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार मौ. 9412073170 है।

